ॐ

निबंधन संख्या - 927/08-09 दूरभाष :: 0651-3512271, 2251008

# विद्या विकास समिति, झारखण्ड

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)
शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002
E-mail - vvs.jharkhand@yahoo.com, vvs.jharkhand@gmail.com Web - http://www.vvsjharkhand.org.in

पत्रक क्र. : 16/2022-23 (श्रावण शुक्ल 13/14 वि. सं. 2079 युगाब्द 5124) दिनांक : 10/08/2022

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

अपना समाज निराशा दूर करने हेतु परिवार भाव को समृद्ध करने के लिए आपस में स्नेह-प्रेम में आबद्ध होने के लिए पर्वों एवं त्योहारों का आयोजन करता है। रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा, रथयात्रा, दीपावली एवं छठ आदि पर्वों के अवसर पर हम सब एकत्र होते हैं। आपस में खुशी-खुशी अपने प्रेम बंधन को और मजबूत करते हैं, यही तो परिवार है।

भारतीय परिवार संस्था अक्षयवट् वृक्ष जैसी सनातन एवं आश्रयदात्री है। इसकी ममता की छाया में अनेकों को सुरक्षित आधार प्राप्त हुआ। सहज भाव से उसका व्यक्तित्व, कर्तृत्व विकसित हुआ। परिवार प्रमुख की मातृत्व भावना से मंडित आत्मीयता के आंचल में वयस्क, दिव्यांग, अनाथ, दुर्बलमन, विद्याभ्यासी सभी समा जाते थे। इसके लिए किसी औपचारिक संस्था के निर्माण की कल्पना भी नहीं थी।

जिन देशों ने अपनी परिवार संस्था का उपहास किया, उसे काल वाह्य माना, अपने देश में यह व्यवस्था टूटती जा रही है, ऐसा प्रतित होता है। इसे बचाना है, परिवार प्रबोधन द्वारा। हमारी परिवार संस्था की शाश्वतता, चिरंतनता एवं हमारे मनीषियों के चिंतन की मौलिकता सिद्ध हुई है।

भैतिकता से उबकर आज अनेक लोग निःस्वार्थ प्रेम की खोज में हैं। हम अपनी परिवार संस्था के सुदृढ़ संस्कार से ही उनका भटकाव दूर कर समाधान दे सकेंगे।

विश्व कल्याणकारी यह पुनित-दायित्व ईश्वर ने हम सबकों, हम सबके संगठन को सौंपा है, हम सब धन्य हैं। तो आइए आगामी त्योहारों के असवर पर परिवार प्रबोधन, आत्मीय व्यवहार एवं संस्कारों के द्वारा ईश्वर प्रदत्त इस दायित्व को संपर्क साधना से पूर्ण करें। कतिपय संस्थागत अपेक्षाओं के साथ यह पत्रक आपको समर्पित एवं प्रेषित है।

बंधु ! समझो जीवन मूल्य, मानव जीवन है बहुमूल्य,
सदा सत्य पर चलते रहना, और झूठ से बचते रहना।
चाहे जितनी मुश्किल आएँ, हिम्मत से सब हल हों जाएँ,
माता-पिता-गुरु आज्ञा मानों, अपना भला इसी में जानों।
जल्दी सोना, जल्दी जगना, उठकर करना नित्य प्रणाम,
अच्छे मित्र बना तुम संग में, कदम मिलाकर नयी उमंग से।
बंधु ! आगे पथ पर बढ़ते जाना, जीवन मूल्य कभी न भूलाना,
बंधु समझो जीवन मूल्य, मानव जीवन है बहुमूल्य।

## आगामी कार्यक्रम

### 1. प्रधानाचार्य बैठक, श्रेणी 'ए' एवं 'बी', रामगढ़

'ए' एवं 'बी' श्रेणी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रभारी प्रधानाचार्य (प्रांत द्वारा घोषित) के लिए आयोजित बैठक 20 एवं 21 अगस्त, 2022 को ही रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर, रामगढ़ कैंट, रामगढ़ में आयोजित है। प्रातः 10:00 बजे से बैठक प्रारंभ होगी। जिन्हें प्रथम दिवस 10:00 बजे से पूर्व आने में कठिनाई हो तो वे सूचना देकर पूर्व संध्या पहूँच सकते हैं। प्रधानाचार्य जी अपने साथ निम्नलिखित सामग्री/साहित्य साथ लाएँ।

1. (क) अपनी पाठ योजना (प्रधानाचार्य की)।
   (ख) प्रधानाचार्य की निरीक्षण पुस्तिका (प्रतिदिन कक्षा निरीक्षण कर जो लिखते है, निरीक्षण पुस्तिका)।
2. अप्रैल'22 से जुलाई'22 तक का मासिक तलपट।
3. विद्यालय की कार्ययोजना।
4. वार्षिक उपलब्धि बिन्दु प्राप्ति में किए गए प्रयास।
5. स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव से संबंधित वृत्त।
6. पूर्व छात्रों का पंजीकरण इस सत्र में कितना हुआ।
7. अंकेक्षण प्रतिवेदन सत्र 2021-22 का।
8. दीप प्रज्वलन हेतु बुलाए जाने वाले महानुभावों की सूची
9. आपने किस क्षेत्र में अपने को Up-to-date एवं Upgrade किया।
10. संकुल में सहयोग क्या, किसको और कितना हुआ ?
11. परीक्षा परिणाम पर चर्चा होगी, अत: परीक्षा परिणाम CBSE/JAC बोर्ड का साथ लायें।
12. संस्कृति ज्ञान परीक्षा - अपने भैया-बहन एवं वाह्य भैया-बहन तथा अभिभावकों की सम्मिलिति। संख्या लावें।
13. नवीन नामांकन कितना हुआ।
14. क्या 30 सितंबर 2019 को जो संख्या थी। उसमें (क) वृद्धि हुई, (ख) बराबर हो गई, (ग) कमी हुई है?
15. शताब्दी विस्तारक निकालने की चर्चा हुई हो, स्वीकृति हुई हो तो लिखित लावें।
16. हमारा लक्ष्य एवं हमारी प्रतिज्ञा (अंग्रेजी एवं हिन्दी), हमारी संकल्पना तो स्मरण होगा ही, वंदना तो कंठस्थ ही है।
17. कुछ लिखित कार्य भी होंगे।

**आलोक - विद्यालय श्रेणी का नवीन पत्रक प्रेषित है, इसी अनुरूप बैठक में आएँगे।**

## 2. CBSE के मेधावी भैया-बहनों का अभिनंदन समारोह

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं एवं 12वीं के भैया-बहनों का अभिनंदन समारोह 27.08.2022 दिन शनिवार को राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनसार, धनबाद में होना सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर भैया-बहन, इनके माता-पिता एवं संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को सम्मानित/अभिनंदन किया जाता है। कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रारंभ होगा। सूचि प्रेषित की जा रही है, इसके अनुरूप तैयारी करावें। जिन्हें पूर्वाह्न 11:00 बजे तक पहुँचने में कठिनाई हो एक दिन पूर्व सूचना देकर पहुँच सकते हैं।

## 3. समिति सदस्य सम्मेलन

दिनांक 11.09.2022 हजारीबाग विभाग का सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में आयोजित है। राँची एवं साहेबगंज विभाग का समिति सदस्य सम्मेलन तत्काल स्थगित कर दिया गया है। आगामी तिथि की सूचना ससमय दी जाएगी।

## 4. हर घर तिरंगा

अपने पोषक क्षेत्र में प्रयास हो कि हर घर पर तिरंगा झंडा लगे। ''स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव'' के महत्व का स्मरण करें और कराएँ। गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी का स्मरण करें। तिरंगा यात्रा निकालें। झांकी निकालें। यह सब कार्य 13 अगस्त से 15 अगस्त तक करना निर्धारित किया गया है। अपने पोषक क्षेत्र के अनेक स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं। इस माध्यम से विद्यालय को समाज में ले जाएँ। तिरंगा यात्रा में न्यूनतम 75 तिरंगा अवश्य रहे। डाक विभाग के डाक खाना में ₹25/- (पचीस रुपए) में तिरंगा उपलब्ध है। क्रय कर सकते हैं या क्रय करवा सकते हैं।

## 5. +2 आचार्यों का वाणिज्य विषयक प्रशिक्षण वर्ग, धनबाद

अन्य विषयों के लिए भी +2 आचार्यों का प्रशिक्षण विषयक पत्रक 14.07.2022 को भेजा गया था जो अन्य प्रांतों में है। पुनः पत्रक निकालें एवं जाने वाले आचार्यों का नाम निर्धारित करें। वाणिज्य का प्रशिक्षण अपने प्रदेश में है। 20 से 22 अगस्त, 2022 के मध्य यह प्रशिक्षण वर्ग राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनसार, धनबाद में है।

## 6. प्रांतीय विज्ञान, वैदिक गणित एवं संगणक प्रश्नमंच प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता 19 एवं 20 सितंबर, 2022 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सरायकेला में था। अब यह **बलदेवदास संतलाल चैरिटी ट्रस्ट सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, मुसाबनी, पूर्वी सिंहभूम** में होगी। व्यवस्था शुल्क ₹400/- तथा पंजीयन शुल्क (केवल प्रतिभागी भैया-बहनों का) ₹100/- अर्थात् कुल ₹500/- (पाँच सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। संरक्षक आचार्य का पंजीयन शुल्क नहीं लगता है। शेष सूचना प्रांतीय विषय प्रमुख जी से प्राप्त करें। विभाग स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी दल ही प्रांतीय प्रतियोगिता में सम्मिलिति कर सकेगी।

## 7. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव एवं संस्कृत तथा अंग्रेजी प्रश्नमंच प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता भी 19 एवं 20 सितंबर, 2022 को पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम में होगी। व्यवस्था शुल्क ₹400/- तथा पंजीयन शुल्क (केवल प्रतिभागी भैया-बहनों का) ₹100/- अर्थात् कुल ₹500/- (पाँच सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। संरक्षक आचार्य का पंजीयन शुल्क नहीं लगता है। शेष सूचना प्रांतीय विषय प्रमुख जी से प्राप्त करें। विभाग स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी दल ही प्रांतीय प्रतियोगिता में सम्मिलिति कर सकेगी। शेष सूचनाएँ पूर्ववत् वार्षिक कार्ययोजना के आधार पर ही है।

## 8. प्रांतीय विज्ञान एवं गणित मेला

गणित एवं विज्ञान विषयक प्रदर्श, प्रयोग एवं पत्रवाचन की प्रतियोगिता 23 से 25 सितंबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, भूलीनगर, धनबाद में होगी। व्यवस्था शुल्क ₹600/- तथा पंजीयन शुल्क (केवल प्रतिभागी भैया-बहनों का) ₹100/- अर्थात् कुल ₹700/- (सात सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। संरक्षक आचार्य का पंजीयन शुल्क नहीं लगता है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व पहुँचना एवं तृतीय दिवस दोपहर भोजन पश्चात प्रस्थान निर्धारित है। अखिल भारतीय नियमावली के आधार पर ही यह प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## 9. स्वदेशी सप्ताह

25 सितंबर से 02 अक्टूबर तक अपने पोषक क्षेत्र में स्वदेशी सप्ताह मनाना है। गोष्ठी या नुक्कड़ गोष्ठी करें। स्वदेशी पत्रक एवं स्वदेशी वस्तुओं की सामग्री सूची वितरित करें। वंदना सभा में स्वदेशी से संबंधित प्रसंग सुनाए जाएँ। स्वदेशी भाव जागृत करें।

## 10. प्रांतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)

यह समारोह बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग हेतु 27 से 30 सितंबर, 2022 तक सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, डी.एस.पी. रोड, गुमला में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹800/- तथा पंजीयन शुल्क (केवल प्रतिभागी भैया-बहनों का) ₹100/- अर्थात् कुल ₹900/- (नौ सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। संरक्षक आचार्य का पंजीयन शुल्क नहीं लगता है। शेष सूचनाएँ खेलकूद पत्रक के आधार पर अनुशरण करें।

## 11. विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं चयन प्रारंभिक परीक्षा

यह परीक्षा शिशु, बाल एवं किशोर वर्ग के बीच प्रस्तावित है। शेष सूचना हेतु वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ संख्या 08 का अवलोकन करें।

## 12. श्रेणी 'सी' एवं 'डी' विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक, रायडीह

यह बैठक अब **13 एवं 14 सितंबर, 2022 को** बिंदेश्वरी लाल साहू सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रायडीह, गुमला में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹500/- (पाँच सौ रुपए) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

# अन्यान्य

## 1. स्थानीय समिति बैठक के विषय

कुछ विषय विद्यालय समिति बैठक में स्थायी रहेंगे। शेष मध्य में आवश्यक अन्य विषय भी जोड़ें जाएँगे। यथा –

1. गत बैठक की संपुष्टि।
2. गत बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा।
3. विद्यालय वृत्त संख्यात्मक एवं शैक्षिक।
4. आर्थिक वृत्त – मासिक तलपट, बजट समीक्षा, आय-व्यय समीक्षा, क्रय समिति का प्रतिवेदन आदि।
5. विगत एवं आगामी कार्यक्रम।
6. प्रांतीय पत्रकों का वाचन।
7. कार्यकर्ताओं के आवेदन पत्रों पर विचार।
8. ......................................................।
9. ......................................................।
10. अन्यान्य अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

<u>**द्रष्टव्य**</u> :- स्थानीय समिति की बैठक में प्रांतीय प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है। अन्यथा बैठक अमान्य हो जाएगी।

## 2. अक्षय निधि

अक्षय निधि की राशि नवीन नामांकित भैया-बहनों के गुणक में आना अनिवार्य है। यह नहीं आया है।

## 3. समर्पण – विद्या भारती कार्यकर्ता कल्याण न्यास

यह कार्यकर्ताओं के लिए है। इसमें पुष्ट राशि रहे, यह हम सबका दायित्व है। इसकी स्थिति ठीक नहीं। जिन विद्यालयों से समर्पण प्राप्त नहीं होगा, वहाँ पर कल्याण राशि समर्पित करने से रोका जा सकता है। यह भी भैया-बहनों के गुणक में आने की योजना निर्धारित है। कतिपय विद्यालयों से समर्पण राशि से कई गुणा अधिक कल्याण राशि अर्पित करनी पड़ रही है। आप सब से इस न्यास को पुष्ट करने का आग्रह है।

## 4. प्रांतीय गतिविधि शुल्क

संग्रहित राशि प्रत्येक माह मानधन भुगतान के समय ही प्रेषित करें। यहाँ का कार्य भी सुगमता से चलता रहे। प्रांतीय गतिविधि शुल्क एक माह के विकास शुल्क के बराबर होना अनिवार्य है। जहाँ नहीं है वे विचार कर एक माह के शुल्क के बराबर प्रांतीय गतिविधि शुल्क संग्रहित कर शीघ्र प्रदेश भेजें।

## 5. बकाया

पाठ्यक्रम का शुल्क कतिपय विद्यालयों में बकाया रह गया है। हो सकता है दृष्टि ओझल होने से यह त्रुटि हुई हो तो कृपया प्रदेश का जो भी बकाया हो तो कृपया भेजने की महती कृपा करें।

## 6. भविष्य के प्रधानाचार्य एवं नवीन कार्यकर्ता

इस दृष्टि से प्रयास करते हुए सूची एवं आवेदन प्रदेश भेजवाने का कष्ट करें।

## 7. शताब्दी विस्तारक एवं सेवाव्रति निकालना

समाज में अनेक महानुभाव सेवा निवृत्त हैं। ऐसे स्वस्थ्य, समर्पित एवं उत्साही हितचिंतक महानुभावों को संगठन से जोड़ने का प्रयास हो एवं सूची प्रदेश कार्यालय भेजने का कष्ट करें।

## 8. संकुल केन्द्र की सक्रियता

संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक महोदय अपनी संकुल टोली में विचारोपरांत सब को सक्रिय रखें। औपचारिक विद्यालयों के अतिरिक्त सरस्वती संस्कार केन्द्र एवं सरस्वती शिक्षा केन्द्र की भी चिंता करें। संकुल में आपसी सहयोग समन्वय बना रहे इसका प्रयास अपेक्षित है।

## 9. विभाग टोली

इसी प्रकार विभाग टोली के कार्यकर्ता का प्रवास भी विभाग के पूर्णकालिक कार्यकर्ता निर्धारित करें। क्रियान्वित हो इसकी अपेक्षा है।

## 10. विद्यालयों का निरीक्षण

विद्यालयों का समूह निरीक्षण हुआ भी है तथा आगे होना तय भी हुआ है। इस हेतु कतिपय बिन्दुओं का निर्धारण किया गया है। विद्यालय में तैयारी की दृष्टि से **निरीक्षण बिन्दु** भी भेजे जा रहे हैं। इस अनुरूप विद्यालय तैयार मिलें। निरीक्षण उत्सव जैसा हो, उत्साहपूर्ण हो। वृत्त भी अपने विभाग प्रमुख से मांगे। पंच प्राण का विकास अपेक्षित है।

## 11. संस्कृति बोध परियोजना

अपने सभी भैया-बहनों (4थीं से 12वीं तक) का शुल्क कुरुक्षेत्र चला गया होगा, नहीं तो शीघ्र भेजने का कष्ट करें। प्रश्न-मंच एवं संस्कृति ज्ञान परीक्षा में नवीन संस्करण से प्रश्न पूछे जाते हैं। इसी अनुरूप तैयारी हो। निबंध प्रतियोगिता की भी तैयारी करायी जाए।

कथा-कथन, त्वरित भाषण तथा आचार्य पत्र-वाचन का अभ्यास लगातार करावें।

## 12. विद्यालय में चित्रों की स्थिति

चित्र हमारे प्रतिक एवं मान बिन्दु हैं। जैसे-तैसे फटे, पुराने चित्र न लगे हो। चित्र से चरित्र बनता है, बदलता है। जो चित्र लगे हैं भैया-बहनों से परिचित अवश्य हों। वंदना स्थल पर या अन्य स्थलों पर बदरंग, फटा या बहुत पुराना चित्र नहीं रखना चाहिए, ध्यान दिया जाए।

## 13. आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी

विद्यालय स्तर पर सबकी प्रतियोगिता कर चयनित कर सघन अभ्यास करायें। अखिल भारती स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित करें। मार्गदर्शक आचार्य भी अखिल भारतीय उपलब्धि प्राप्ति पर सम्मानित किए जाएँ। तैयारी से संबंधित सुझाव अधोहस्ताक्षरी से भी प्राप्त कर सकते हैं।

## 14. पत्रिका आदेश

अपने संगठन के विचार अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम वार्षिक पत्रिका है। संगठन का मुखपत्र भी है। अपने हितधारकों के परिवार में न्युनतम एक पत्रिका जानी ही चाहिए। कतिपय विद्यालयों का पत्रिका आदेश अब तक प्राप्त नहीं है, पुनः आग्रह कि शीघ्र पत्रिका आदेश संख्या सहित प्रेषित करने का कष्ट करें।

पत्रिका के अभिलेख एवं फोटोग्राफ विद्या विकास समिति के दूसरे ई-मेल जीमेल एकाउंट vvs.jharkhand@gmail.com में भेजें।

पहला ई-मेल याहू एकाउंट vvs.jharkhand@yahoo.com केवल पत्राचार आदि के लिए प्रयोग में रखें।

**पत्रक को समिति मध्य एवं आचार्यों के मध्य सुनाने की व्यवस्था शीघ्र बनानी चाहिए। मासांत की प्रतिक्षा न करें।**

**रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

**सबका मंगल हो। तत्रस्थ सबको नमस्कार।**

।। इतिशुभम् ।।

भवदीय

10/08/2022

**(अजय कुमार तिवारी)**

प्रदेश सचिव

विद्या विकास समिति, झारखंड